09/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राजभवन ईटानगर में आज देश के नौ राज्यों उत्तराखण्ड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ, हरियाणा, कर्नाटक केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडू के साथ ही सात केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, अंडमान एण्ड निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ, दिल्ली, लक्षदीप और पुदुचेरी का स्थापना दिवस मनाया गया।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की तरफ से इन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के नागरिकों को राज्य स्थापना की बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्टेट फाउंडेशन सेलिब्रेशन से प्रदेश में कार्यरत देश के अन्य राज्य के लोगों को स्थानीय संस्कृति और परंपरा से जुडने का अवसर मिलेगा और वे एक अच्छी यादें लेकर वापस जायेंगे। अरुणाचल की विकास प्रक्रिया में भागीदार बनने और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढावा देने के लिए राज्यपाल ने उत्तराखण्ड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडू के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस समारोह में दोन्यि पोलो मिशन स्कूल फॉर हियरिंग एण्ड विजुअली इंपेयर्ड के छात्रों और शिक्षकों ने भी हिस्सा। राज्य की प्रथम महिला अनाघा परनाइक ने राज्य स्थापना दिवस समारोह में मौजूद प्रतिभागियों से संवाद किया। प्रतिभागियों ने आपसी भाईचारे के लिए अरुणाचल के लोगों को धन्यवाद दिया।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने आज लोअर सियांग जिले के लिकाबाली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चिंतन शिविर एवं एजुकेशन कॉनक्लेव में दो हजार चौबीस के बाद क्वालिटी एजुकेशन के लिए उठाए कदम की समीक्षा

की। इस बैठक में शिक्षा विभाग के सचिव दुली कामदुक, जिला उपायुक्त रुज्जुम राक्शप, स्कूली शिक्षा उपनिदेशक मार्ते कोयु, गालो वेलफेयर सोसायटी की लोअर सियांग जिला इकाई के अध्यक्ष सेंगो ताईपोदिया, गेंसी के जिला परिषद सदस्य दापु दोके, कोयु के जेड पी एम तागोम पादु और कई छात्र संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

0000000000000000000

शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने कुरुंग कुमे जिले के मुख्यालय कोलोरियांग में आयोजित चिंतन शिविर एवं एजुकेशन कॉन्क्लेव की अध्यक्षता की। बैठक में विधायक पानि ताराम, ताई निकियो और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन सुनिश्चित करने के लिए एजुकेशन सेक्टर में रिफॉर्म्स पर आयोजित चिंतन शिविर में टीचर ट्रेनिंग, स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर और करिकुलम में जरुरी बदलाव पर चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने एजुकेशन सिस्टम को मजबूत करने और इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुझावों के लिए सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना ने छात्रों के लिए डिजिटल लर्निंग की व्यवस्था डिजि कक्षा का जायजा लिया और स्टेट ऑफ द आर्ट टेक्नोलोजी से लैस डिजिटल क्लासरुम के साथ ही शिक्षकों और छात्रों के लिए लाईब्रेरी में जरुरी पुस्तकों की उपलब्धता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने गवर्नमेंट हायर सेकंड्री स्कूल कोलोरियांग और गवर्नमेंट सेकंड्री स्कूल निक्जा का निरीक्षण किया।

000000000000000000

तवांग में आज विधायक नामगे सेरिंग और भारतीय सेना की तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर वी.एस राजपूत ने संयुक्त रुप से माउंटेन बाईकिंग रेस मोंडुरो 4.0 का शुभारंभ किया। तवांग साईक्लिंग एसोसिशन द्वारा आयोजित मोंडुरो 4.0 में यू.सी.आई वर्ल्ड चैंपियन 2024 अलेक्स रुडियो, नेपाल के

डाउनहिल चैंपियन नीरव श्रेष्ठ, मोंडुरों के फर्स्ट एडिशन के पोडियम होल्डर नमन अग्रवाल, ब्रिटेन के क्रिस्टोफर कीलिंग, चेक रिपब्लिक के माटेज चार्वेट, इंडोनेशिया, फ्रांस, ताईवान, सिंगापुर, भूटान और देश के कई राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मोंडुरो एक पर्वतीय बाइकिंग दौड़ है जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हर साल आयोजित होती है। यह भारत में आयोजित होने वाला एकमात्र एमटीबी एंड्यूरो इवेंट है, जो समुद्र तल से औसतन चौदह हजार चार सौ फीट की ऊंचाई पर होता है। दौड़ का पहला संस्करण नवंबर दो हजार इक्कीस में आयोजित किया गया था, और दूसरा संस्करण नवंबर दो हजार बाईस में हुआ था। इसका नाम तवांग की प्रमुख जनजाति  मोनपा और रेसिंग की शैली एंडुरो शब्दों को मिलाकर रखा गया है।

0000000000000000000

भारतीय सेना ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश में वालोंग की लड़ाई की याद में दिबांग वैली जिले से मोटर साइकिल अभियान को रवाना किया। तीन दिवसीय अभियान को दाओ डिवीजन के जनरल कमांडिंग ऑफिसर, मेजर जनरल वी.एस. देशपांडे और स्थानीय विधायक मोपि मिहु ने हरी झंडी दिखाई। यह अभियान सोमवार को ऐतिहासिक वालोंग युद्ध स्मारक पर समाप्त होगा। अरुणाचल प्रदेश में इस अभियान का उद्देश्य राज्य के सीमावर्ती इलाकों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। अभियान के माध्यम से सवार क्षेत्र के स्थानीय समुदायों से जुड़कर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देंगे।यह अभियान वालोंग की लड़ाई के बासठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सत्रह अक्टूबर को शुरू हुआ था।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त मेजर जनरल रिटायर्ड जारकेन गामलिन ने आज राज्य सचिवालय ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू से

मुलाकात की। बैठक के दौरान सूचना के अधिकार अधिनियम यानि राईट टू इंफार्मेशन एक्ट के तहत गवर्नेंस में पारदर्शिता और जवाबदेही सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि गुड गवर्नेंस और पारदर्शिता में मुख्य सूचना आयुक्त मेजर जनरल रिटायर्ड जारकेन गामलिन का मार्गदर्शन और सहयोग महत्वपूर्ण है।

000000000000000

लोकसभा सांसद तापिर गाव ने आज ईस्ट सियांग जिले के रानी विलेज में ट्रेडिशनल काउंसिल हाल, रानी गुमिन होयिन डेरे का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विधायक निनोंग इरिंग और तापि दारांग, जिला उपायुक्त तायि ताग्गु सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। गौरतलब है कि रानी, ईस्ट सियांग जिले के सबसे बडे गांवों में से एक है और इस गांव में ट्रेडिशनल काउंसिल हाल के निर्माण से कल्चरल हेरिटेज के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में सहायता मिलेगी।

000000000000000

पूर्वी मध्य रेलवे छठ पूजा के बाद बिहार से वापस आने वाले यात्रियों की भीड को देखते हुए अगले पन्द्रह दिन के दौरान **446 विशेष** रेलगाडियों का संचालन करेगा। देशभर में विभिन्न शहरों से लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इन विशेष रेलगाडियों का संचालन कल से शुरू हो गया। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 70 से अधिक अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।